माँ मुरादे पूरी कर झोली खुशियों से भर

माँ मुरादे पूरी कर झोली खुशियों से भर,
तेरे दर से ना जाउगा खाली.
मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली
मेरी माँ लाटा वाली मेरी माँ पहाड़ा वाली,

माँ चिंतापुरनी मेरी चिंता हरो,
काटो कलेश दूर संकट हरो,
माँ दुःख हरनी मंगल करनी,
मैं भी आया हु बन के सवाली,
मेरी माँ लाटा वाली मेरी माँ पहाड़ा वाली........

नैना देवी नूर आँखों में भर दो,
सिर पे मेरे हाथ अपना माँ धर दो,
तू ही आंबे तू जगदम्बे तेरी शक्ति है सब से निराली,
मेरी माँ भवनों वाली मेरी माँ झंडे वाली,
मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली

माँ मेहर वाली मेहर मुझपे करो,
माँ शारदे कंठ सुर से भरो,
तू चामुंडा तू ही ज्वाला,
तेरे चरणों की धूलि लगा ली ,
मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9839/title/maa-murafe-puri-kar-jholi-khushiyo-se-bhar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |